# पाठ-योजना

**अध्यापिका/अध्यापक** :

**पुस्तक** : उड़ान हिंदी पाठमाला भाग-8

**विषय** : हिंदी **दिनांक** : .......................

**उपविषय** : सुभागी, पाठ-10 **अवधि** : 3-4 वादन

| पाठ संख्या | सुनना, बोलना और पढ़ना | चिंतन | लिखना | गतिविधियाँ | जीवन मूल्य तथा पारिवारिक, सामाजिक व राष्ट्रीय चेतना |
|---|---|---|---|---|---|
| 10. | पठन-पाठन, विचार व्यक्त करना, शुद्ध उच्चारण, प्रश्नोत्तर, 'बेटा-बेटी एक समान' पर बोलना, सामाजिक समस्याओं का समाधान। | प्रत्यास्मरण, सही-गलत का निर्णय, प्रतिक्रिया, कारण, तर्क, संदेश। | किसने, किससे कहा?, क्रियाविशेषण के भेद, काल के भेद, संधि, मुहावरे का वाक्य प्रयोग, गद्यांश पर आधारित, अति लघु, लघु तथा निबंधात्मक प्रश्न। | संवाद, लड़के-लड़कियों के अनुपात की जानकारी, अस्वस्थ सामाजिक परंपराओं की जानकारी, ग्राफ बनाना, विचार गोष्ठी। | परिश्रम, सेवा, पुत्री का सम्मान, सामाजिक सुधार। |

**सामान्य उद्देश्य** :
1. छात्रों में शुद्ध वाचन तथा पढ़ने-लिखने के कौशल का विकास करना।
2. अपने विचारों को सही प्रकार से प्रकट करने का ज्ञान व अभ्यास कराना।
3. वर्तनी संबंधी अशुद्धियों को दूर करने का प्रयास करना।
4. छात्रों के शब्द भंडार में वृद्धि करना।
5. प्रश्नों के उत्तर को भली-भाँति लिखने का अभ्यास कराना।

**विशिष्ट उद्देश्य** :
1. इस पाठ के माध्यम से बताना कि हमें पुत्र और पुत्री में कोई भेदभाव नहीं करना चाहिए तथा पुत्री का भी पुत्र की भाँति सम्मान करना चाहिए।
2. क्रियाविशेषण के भेदों तथा काल के भेदों का चुनाव कराना, स्वर संधि, व्यंजन संधि तथा विसर्ग संधि की परिभाषा बताना और संधि-विच्छेद के आधार पर संधि के भेद बताना तथा मुहावरे का वाक्य प्रयोग करवाना।

**सहायक सामग्री** : श्यामपट्ट, चॉक, डस्टर, चार्ट आदि।

**पूर्वज्ञान-परीक्षा** : अध्यापिका/अध्यापक छात्रों की पूर्वज्ञान परीक्षा लेने के लिए छात्रों से पूछेंगे कि वर्तमान समय में लड़कों की या लड़कियों की संख्या कम क्यों होती जा रही हैं? क्या लड़के-लड़कियों में भेद करना चाहिए? क्यों? आदि।

**उद्देश्य-कथन** : अध्यापिका/अध्यापक प्रश्नों के उत्तर संतोषजनक या असंतोषजनक पाकर अपने उद्देश्य की घोषणा करेंगे कि बच्चो, आज हम 'सुभागी' पाठ-10 का अध्ययन करेंगे।

**शिक्षण-बिंदु** : 'सुभागी' पाठ-10 के प्रश्नों के उत्तर छात्रों की सहायता लेते हुए कराए जाएँगे।

| अध्यापिका/अध्यापक क्रियाएँ | छात्र-क्रियाएँ |
|---|---|
| प्र.1. सुभागी कौन थी? | उ. सुभागी तुलसी महतो की लड़की थी। |
| प्र.2. तुलसी महतो ने रामू के जन्मोत्सव में क्या किया था? | उ. तुलसी महतो ने रामू के जन्मोत्सव में रुपए कर्ज़ लेकर जलसा किया था। |
| प्र.3. तुलसी महतो का क्रिया-कर्म किसने किया? | उ. तुलसी महतो का क्रिया-कर्म सुभागी ने किया। |

**पाठ पढ़ाने के पश्चात–**

**मौखिक** : सर्वप्रथम अध्यापिका/अध्यापक कठिन शब्दों का उच्चारण कराएँगे तथा पाठ से संबंधित मौखिक प्रश्न पूछेंगे।

जैसे– प्र. हमारे समाज में पुत्र को पुत्री से अधिक महत्त्व क्यों दिया जाता है? अपने विचार बताइए।

उ. बच्चे अपनी समझ के अनुसार अपने विचार प्रकट करेंगे।

इसी प्रकार से सभी प्रश्नों को मौखिक रूप में पूछेंगे।

**लिखित** : प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप में करवाने से पहले मौखिक रूप में पूछेंगे। तत्पश्चात लिखवाएँगे।

1. **कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से किसने, किससे कहा? वाले वाक्यों से संबंधित अंशों को दर्शाएँगे। तत्पश्चात उचित उत्तर में ✓ का निशान लगवाएँगे।
2. वाक्यों में आए क्रियाविशेषण के उचित भेद का चुनाव करवाएँगे।
3. वाक्य में आए काल के उचित भेद में ✓ का निशान लगवाएँगे।
4. स्वर संधि, व्यंजन संधि तथा विसर्ग संधि की परिभाषा से अवगत कराएँगे तथा संधि–विच्छेद के आधार पर संधि के उचित भेद में ✓ का निशान लगवाएँगे।
5. मुहावरों का स्वरचित वाक्य प्रयोग करवाएँगे।
6. संकेत गद्यांश को पाठ में पुनः पढ़वाएँगे। तत्पश्चात प्रश्नों के उत्तर में ✓ का निशान लगवाएँगे।
7. **कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर से संबंधित अंशों को दशाएँगे। तत्पश्चात अति लघु, लघु तथा निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखवाएँगे।

**आओ अब कुछ बात करें** : लड़के तथा लड़कियों के अनुपात से संबंधित विषय पर संवाद करवाएँगे।

**परियोजना निर्माण** : 'बेटा–बेटी एक समान' विषय पर बालसभा में विचार गोष्ठी का आयोजन करवाएँगे।

**निष्कर्ष** : बच्चों ने जाना कि पुत्र–पुत्री में कोई भेदभाव नहीं करना चाहिए।

क्रियाविशेषण के भेदों तथा काल के भेदों का चुनाव करना सीखा तथा व्यंजन संधि, स्वर संधि तथा विसर्ग संधि की परिभाषा से अवगत हुए तथा मुहावरे का वाक्य प्रयोग किया।

**कक्षा–कार्य निरीक्षण** : अध्यापिका/अध्यापक कक्षा में छात्रों को लिखवाए गए प्रश्नों के उत्तर का निरीक्षण करेंगे तथा अशुद्धियों को ठीक कराएँगे।